| दिनांक 16.03.2025 |
|---|
| प्रेस विज्ञप्ति 27/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद गोरखपुर/थाना रामगढ़ताल

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनॉकः 15.03.2025 को थाना रामगढ़ताल पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर आईजीआई एयरपोर्ट नईदिल्ली से पुरस्कार घोषित अभियुक्त सोनू शेख उर्फ वाजिद रजा उर्फ शाहिद आलम को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना रामगढ़ताल पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद कुशीनगर, गोरखपुर के विभिन्न थानों पर चोरी, हत्या का प्रयास, सीएस एक्ट आदि के 10 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना रामगढ़ताल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—सोनू शेख उर्फ वाजिद रजा उर्फ शाहिद आलम निवासी लाला गुरवलिया शेख टोला थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर।

## जनपद चन्दौली/थाना कोतवाली चन्दौली

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा/मिस कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 16.03.2025 को थाना कोतवाली चन्दौली व क्राइम ब्रांच की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर वाजिदपुर मोड़ के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर

जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी । पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त सुभाष घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा/मिस कारतूस आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया ।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध जनपद गाजीपुर, मीरजापुर, मऊ, चन्दौली के विभिन्न थानों पर चोरी, डकैती, हत्या का प्रयास, सीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि 15 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली चन्दौली पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सुभाष निवासी ग्राम बिसौरी थाना कोतवाली चन्दौली जनपद चन्दौली।

**बरामदगी**

1– 01 मोटर साइकिल।

2– 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा/मिस कारतूस आदि।

## जनपद सम्भल/थाना बहजोई

- **धोखाधड़ी के 04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **22 ट्रैक्टर विभिन्न कम्पनियों के**
- **26 आरसी विभिन्न राज्यों के वाहनों के**
- **सेल लेटर आदि अन्य प्रपत्र बरामद**

दिनांक 16.03.2025 को थाना बहजोई पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 04 अभियुक्तों 1–राकेश 2–छत्रपाल 3–अब्दुल कादिर 4–अहसान को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 22 ट्रैक्टर विभिन्न कम्पनियों के, 26 आरसी विभिन्न राज्यों के, वाहनों के सेल लेटर आदि अन्य प्रपत्र, बरामद हुए ।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा ट्रैक्टरों के फर्जी व कूटरचित दस्तावेज बनाकर बीमा व लोन कम्पनियों के साथ धोखाधड़ी करते हुए ट्रैक्टर बेच देते थे।

इस सम्बन्ध में थाना बहजोई पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1– राकेश निवासी भीकनपुर थाना कुढफतेगढ जनपद सम्भल।

2– छत्रपाल निवासी ग्राम सूरजपुर थाना जरीफनगर जनपद बदायूँ।

3– अब्दुल कादिर निवासी करनपुर थाना पाकवाडा जनपद मुरादाबाद।

4– अहसान निवासी करनपुर थाना पाकवाडा जनपद मुरादाबाद।

**<u>बरामदगी</u>**

1–22 ट्रैक्टर विभिन्न कम्पनियों के।

2–26 आरसी विभिन्न राज्यों के वाहनों के।

3–सेल लेटर आदि अन्य प्रपत्र।

———